# अनावश्यक कार्यों के लिए दबाव बनाते हैं वन संरक्षक

**शहडोल, देशबन्धु।** स्टेट फॉरेस्ट रेन्जर्स एशोसिएसन वन वृत्त शहडोल ने मुख्यमंत्री के नाम कमिश्नर को एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल अजय कुमार पाण्डेय द्वारा परिक्षेत्राधिकारी शहडोल रामनरेश विश्वकर्मा वन क्षेत्रपाल को गाली देने, कैरियर बर्बाद करने एवं जातिगत शब्दों का प्रयोग कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का उल्लेख किया गया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है, कि राम नरेश विश्वकर्मा वनक्षेत्रपाल, के द्वारा सदैव अपने वरिष्ठ के निर्देशों के अनुरूप अनुशासन में रहकर कर्तव्य पालन को सर्वोपरि मानते हुए कर्तव्यों के निर्वहन में बिना किसी लापरवाही के कार्य का सम्पादन किया जाता रहा है लेकिन वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल अजय कुमार पाण्डेय द्वारा अपनी पदस्थापना अवधि से लगातार राम नरेश विश्वकर्मा, वनक्षेत्रपाल पर अनावश्यक कार्यों के लिए दबाव बनाकर कार्य कराया जाता रहा है। इनकी कार्यशैली में वन वृत्त शहडोल के चारों वनमण्डल के ग्राउण्ड लेवल के फील्ड स्टाफ से लेकर वनमण्डलाधिकारी स्तर के अधिकारी एवं कार्यालयीन स्टाफ पर अपमानित शब्दों का प्रयोग किया जाना आम बात बन गई है।

**वन भूमि में अनुमति देने का बना रहे दबाव**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वन संरक्षक श्री पाण्डेय द्वारा राम नरेश विश्वकर्मा वनक्षेत्रपाल को 13 मई को व्हाट्सएप कॉल करके निजी जमीन मालिक श्रीमती माधुरी सिंह परिहार पति मनोज सिंह परिहार के आवेदन पर मौके का सीमांकन तत्काल करने का दबाव बनाते हुए बोला गया।



स्टेट फॉरेस्ट रेन्जर्स एशोसिएसन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

कि तुम मनोज सिंह परिहार को क्यों परेशान कर रहे हो, सीमांकन क्यों नहीं करने दे रहे हो? इस पर श्री विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि साहब आपके निर्देश पर परिक्षेत्र सहायक बड़खेरा को राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित तिथि पर उपस्थित रहकर सीमांकन कराने के लिए उपस्थित रहने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। ऐसा कहने पर उनके द्वारा बोला गया कि साले तुम अपने मन का करोगे क्या, तुमको पेड़ में बांधकर जूतों से मारूंगा। ज्ञापन में यदि कहा गया है कि श्रीमती माधुरी सिंह परिहार पति मनोज सिंह परिहार निवासी शहडोल द्वारा ग्राम रोहनिया के पी. एफ. 748 के अंदर वनखण्ड रोहनिया-12 के पुराना खसरा क्र. 106/5 नया खसरा क्र. 17 / 2 रकवा 1.5610 हे. एवं पुराना खसरा क्र. 108/2 नया खसरा क्र. 7 रकवा 4.047 हे. हेतु फेसिंग कार्य, बाउण्ड्रील वाल निर्माण कार्य तथा कृषि कार्य कराने हेतु आवेदन दिया गया था, जिसके तारतम्य में वन मण्डलाधिकारी दक्षिण वन मण्डल शहडोल के आदेश पर निर्धारित 19 मई को राजस्व, वन विभाग एवं आवेदक की उपस्थिति में सर्वे सीमांकन किया गया था।

**मिश्रित प्रजाति के वृक्षों से आच्छादित है**

ज्ञापन में बताया गया है कि उक्त भूमि पुराना खसरा क्र.106/5 नया खसरा क्र. 17/2 रकवा 1.5610 हे. संरक्षित कक्ष पी.एफ. 748 एवं पुराना खसरा क्र. 108/2 नया खसरा क्र. 7 रकवा 4.047 हे. आरक्षित कक्ष आर. एफ.746 में स्थित है। ये खसरे जहां पर स्थित है वहां का वन क्षेत्र मिश्रित प्रजाति के वृक्षों से आच्छादित है, यहां पर कभी भी कृषि कार्य नहीं किया गया है।

08 जून को वन संरक्षक अजय कुमार पाण्डेय द्वारा शासकीय आवास में श्री विश्वकर्मा वनक्षेत्रपाल के पहुंचते ही बोला गया कि पहले ये बता तुमने मनोज सिंह परिहार (आवेदक श्रीमती माधुरी सिंह) को प्रश्नाधीन जमीन में खेती करने, बाउण्ड्रीवाल बनाने/फेसिंग करने को लिखकर दिया कि नहीं दिया? जिस पर श्री विश्वकर्मा, वन क्षेत्रपाल द्वारा निवेदन किया गया कि साहब अभी नहीं दिया हूं। मुझे कोई लिखित में इस आशय का आदेश वरिष्ठ कार्यालय से अभी तक नहीं मिला है। इतना बोलते ही वह भड़क उठे और बोले कि यदि तुमने लिखकर नहीं दिया तो मैं तुम्हारा कैरियर खत्म कर दूंगा, बर्बाद कर दूंगा किसी लायक नहीं रहोगे।

## बालिकाओं को मिला आत्मरक्षा, अधिकार और आत्मसम्मान का पाठ

**सिंगरौली, देशबन्धु।** एनटीपीसी विंध्याचल में संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के अंतर्गत 11 जून 2025 को एक विशेष कानूनी जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र बालिकाओं को आत्मरक्षा, कानूनों की जानकारी और आत्मसम्मान के महत्व से अवगत कराने हेतु आयोजित किया गया था।इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) मनोरम तिवारी एवं बाल संरक्षण अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) नीरज शर्मा प्रेरक वक्ता के रूप मे उपस्थित रहे। उन्होंने बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, ना कहने का अधिकार, और अनुचित व्यवहार की रिपोर्टिंग जैसे संवेदनशील विषयों पर खुलकर बातचीत के माध्यम से जागरूक किया।

बालिकाओं ने सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनेक प्रश्न पूछे। वक्ताओं ने सरल भाषा में न्याय प्रणाली की कार्यप्रणाली, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और बच्चों के कानूनी अधिकारों की रक्षा हेतु उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एनटीपीसी विंध्याचल से प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), माहताब आलम , उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अजय मीणा, वरिष्ठ प्रबन्धक(मानव संसाधन) और नखिल जायसवाल, कार्यपालक (सीएसआर) भी उपस्थित रहे। इस तरह के संवादात्मक सत्र जेम की प्रतिभागियों को न सिर्फ जानकारी देते हैं।

## सार-समाचार



### उमरिया में अधिकतम तापमान 42 डिग्री तीन दिन में 4 डिग्री बढ़ा पारा, दोपहर में सड़कें सूनीं

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में तापमान लगातार बढ़ रहा है। तीन दिन में तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अब यह 42 डिग्री तक पहुंच गया है।

बढ़ते तापमान से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोग सिर्फ जरूरी काम से ही घर से निकल रहे हैं। दोपहर मे चौराहे और सड़कें सूनी हो जाती हैं। आवागमन पूरी तरह रुक जाता है। बस स्टैंड पर भी दोपहर में यात्रियों की संख्या कम दिखाई दे रही है। स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.एस. चंदेल ने स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बताईं। उन्होंने कहा कि कूलर से बाहर निकलने पर अचानक तापमान में बदलाव से लोग बीमार पड़ सकते हैं। डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। पिछले 6 दिनों के आंकड़े बताते हैं कि तापमान में लगातार वृद्धि हुई है। 5 जून को जहां अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री था, वह 10 जून को 42.1 डिग्री तक पहुंच गया। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि लोग फुल स्लीव कपड़े पहनें, पर्याप्त पानी पीएं और धूप से बचें।

### पीएम नरेंद्र मोदी के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत प्रोफेशनल मीट का आयोजन आज

**उमरिया, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के तहत संकल्प से समृद्धि के नाम अभियान पूरे देश भर में चल रहा है। इसी के तहत उमरिया जिले में भी प्रोफेशनल मीट का आयोजन आज 12 जून को किया जाए रहा है। जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, वकील प्रबुद्ध जन और स्वयं सेबी संस्थाओं के लोग सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे।

भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के जिला मीडिया प्रभारी के माध्यम से बताया गया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल रहे हैं। इसी के चलते भाजपा के द्वारा संकल्प से समृद्धि के नाम कार्यक्रम पूरे देश भर में चला रही है। इसी के तहत भाजपा के द्वारा उमरिया जिले में 12 जून को दोपहर 3 बजे से स्थानीय सामुदायिक भवन उमरिया में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में भाजपा के समस्त पदाधिकारी सहित डॉक्टर, इंजीनियर, वकील,व्यापारी, जिले के प्रबुद्ध जन और अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित स्वयं सेवी संस्थाओं के स्वयंसेवक शामिल रहेंगे।

### कांग्रेस जन को उत्साहित करने पहुंचे आब्जर्वर



**उमरिया, देशबन्धु।** केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे सृजन अभियान के तहत झारखंड पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम मनोनीत आब्जर्वर राजेश ठाकुर ने सर्वप्रथम प्रेस वार्ता आयोजित कर कांग्रेस द्वारा आयोजित सृजन अभियान की विस्तृत रूपरेखा बताई।इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजय सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा मौजूद रहे।आब्जर्वर श्री ठाकुर ने बताया कि सृजन अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के संगठन को और अधिक सशक्त बनाना है,संगठन में युवाओं की सहभागिता बढ़ानी है।प्रेस वार्ता के बाद सामुदायिक भवन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे,इसमे संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों के अलावा ब्लाक,मंडलम,सेक्टर स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।पार्टी सूत्रों की माने तो संगठन में जान फूंकने की गरज से पहुंचे आब्जर्वर बुधवार की दोपहर 03 से 06 के बीच कार्यकर्ताओं से वन टू वन मुलाकात कर संगठन की नब्ज टटोलने का प्रयास करेंगे।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए होगी रायशुमारी : बंसल

**शहडोल,देशबन्धु।** कांग्रेस के संगठन द्वारा इन दिनों संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष चुनने की कवायद चल रही है। इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जबकि इन पर्यवेक्षकों के साथ मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सह पर्यवेक्षक भी बनाए गए हैं। इसी कड़ी में शहडोल जिला अध्यक्ष को लेकर कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों से राय शुमारी व फीड बैक लेने के लिए बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्व विधायक विवेक बंसल के साथ ही मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त सह पर्यवेक्षक प्रदेश के पूर्व मंत्री राजमणि पटेल, विधायक बिछिया नारायण पट्टा और पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा शहडोल पहुंचे।

बुधवार की सुबह शहडोल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पर्यवेक्षक विवेक बंसल ने संगठन सृजन कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में गुजरात के अहमदाबाद में हुए सम्मेलन के दौरान पारित प्रस्ताव के तहत जिला कांग्रेस कमेटी को सशक्त करने और संगठन को प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य शुरू किया गया है।



## छह नाम का बनेगा पैनल, 30 जून तक हो जाएगी घोषणा

उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्ष को लेकर जिले भर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ ही आम कार्यकर्ताओं से राय ली जाएगी तथा कार्यकर्ताओं से सामूहिक और व्यक्तिगत चर्चा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि वे यहां अगले कुछ दिन लगातार रहकर पूरे जिले में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और 30 जून के बाद शहडोल जिले को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पहली बार जिले में राजनीतिक मुद्दों के लिए भी एक कमेटी का गठन किया जाएगा।

श्री बंसल ने यह भी कहा कि अब सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी का दायित्व निश्चित किया जाएगा।

**दिल्ली में होगा अंतिम निर्णय**-पर्यवेक्षक श्री बंसल ने बताया कि रायशुमारी के बाद जो नाम आएंगे उनमें 6 नाम का पैनल बनाकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी दिल्ली को भेजा जाएगा और वहां पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं के द्वारा इनमें से एक नाम पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिला अध्यक्ष चुनने की रायशुमारी में पत्रकारों से भी चर्चा कर उनकी राय ली जाएगी कि जिले में किस तरह संगठन को मजबूत किया जा सकता है।

**उम्र का बंधन नहीं**-अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक विवेक बंसल ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि नए जिला अध्यक्ष के लिए उम्र का बंधन नहीं है। बल्कि उसका सक्रिय होना, कार्यकर्ताओं से सामंजस्य से और कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय होना महत्वपूर्ण पैमाना है। यह पूछे जाने पर कि पिछले 20 साल से शहडोल शहर से ही अध्यक्ष बनते आ रहे हैं तो क्या इस बार ग्रामीण क्षेत्र से अध्यक्ष बनेगा पर पर्यवेक्षक श्री बंसल ने कहा कि यदि राय शुमारी में सक्रिय और लोकप्रिय कार्यकर्ता का नाम ग्रामीण क्षेत्र से आएगा तो ग्रामीण क्षेत्र का कार्यकर्ता अध्यक्ष बनेगा।

**जिले के बाद ब्लॉक और बूथ कमेटी**-मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त सह पर्यवेक्षक राजमणि पटेल, नारायण पट्टा और श्रीमती कल्पना वर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिला कांग्रेस को आम जनमानस का संगठन बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष के बाद ब्लॉक, मंडल और बूथ कमेटियों का गठन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, कांग्रेस नेता अजय अवस्थी और पीयूष शुक्ला भी मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में जेम 2025 की प्रतिभागियों के लिए जादू शो का आयोजन

**सिंगरौली।** बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के तहत एनटीपीसी विंध्याचल में दिनांक 10 जून 2025 को एक मनोरंजक जादू शो का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने प्रतिभागियों के चेहरे पर मुस्कान और दिलों में हैरानी की लहर दौड़ा दी। प्रसिद्ध जादूगर श्री योगेन्द्र योगी (योगी मैजिक वर्ल्ड) के मंत्रमुग्ध कर देने वाले करतबों ने बच्चियों और उपस्थित शिक्षकों को पूरी तरह से मोहित कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान हॉल तालियों की गूंज, हँसी और आश्चर्य के स्वर से गूंजता रहा। इंटरैक्टिव और चौंकाने वाले जादुई प्रदर्शन ने प्रतिभागियों को पढ़ाई से अलग एक अनोखा अनुभव प्रदान किया, जिससे उनका मनोबल और आत्मविश्वास दोनों बढ़ा।

इस प्रकार की रचनात्मक एवं आनंददायक गतिविधियों के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल न केवल जेम प्रतिभागियों को ज्ञान एवं कौशल से सशक्त बना रहा है, बल्कि उन्हें प्रेरणादायक और अविस्मरणीय अनुभव भी प्रदान कर रहा है - जो उनके सशक्तिकरण की यात्रा में उत्साह का संचार करते हैं।

## बांधवगढ़ में पहली बार जंगली हाथियों की हो रही पहचान, बन रही एलीफेंट आईडी

**उमरिया,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एक अनोखी और पहली बार की जा रही पहल के चलते एक बार फिर सुर्खियों में है। जहां अब तक यह टाइगर रिजर्व बाघों के संरक्षण और गणना के लिए प्रसिद्ध रहा है, वहीं अब यहां जंगली हाथियों की पहचान भी डिजिटल तरीके से की जा रही है। प्रबंधन द्वारा एलीफेंट आईडी परियोजना शुरू की गई है, जिसके तहत हर हाथी की तस्वीर खींचकर उसे एक विशेष कोड और पहचान क्रमांक दिया जा रहा है।

यह प्रक्रिया प्रदेश में पहली बार किसी टाइगर रिजर्व में अपनाई जा रही है। इसका प्रमुख उद्देश्य यह है कि अब तक जिन जंगली हाथियों की संख्या का सिर्फ अनुमान ही लगाया जाता था, उनकी सटीक गिनती और गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इसके साथ ही यह भी पता चल सकेगा कि कौन-कौन से हाथी किस-किस झुंड का हिस्सा हैं और वे किन क्षेत्रों में ज्यादा सक्रिय हैं।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों की 139 बीटों में समय-समय पर हाथियों की गतिविधियां देखी जाती हैं। जब भी किसी क्षेत्र में हाथियों का मूवमेंट दिखाई देता है, तो रिजर्व प्रबंधन द्वारा हाथी विशेषज्ञों की टीम मौके पर भेजी जाती है। यह टीम हाथियों के सिर, कान, पूंछ और पीठ की तस्वीरें लेती है। इन अंगों की तस्वीरों को आधार बनाकर कंप्यूटर पर उनकी विशिष्ट पहचान यानी आईडी तैयार की जाती है। इसके बाद हर हाथी को एक कोड नंबर दिया जाता है, जो श्व-1 , श्व-2 जैसे प्रारूप में होता है।

इस परियोजना की अनुमति प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) से ली गई है, जिसके तहत टाइगर रिजर्व की टीम और विशेषज्ञ मिलकर यह कार्य कर रहे हैं। इस दौरान पूरी सावधानी बरती जाती है ताकि जंगली हाथियों से टीम की सुरक्षा बनी रहे और उन्हें कोई नुकसान न पहुंचे।

हाथियों की पहचान की इस प्रक्रिया से न केवल उनकी सटीक संख्या सामने आएगी, बल्कि उनकी लोकेशन, गतिविधियों और समूहों की निगरानी भी संभव हो सकेगी। इसके चलते हाथी मानव संघर्ष जैसी घटनाओं को कम करने में भी मदद मिल सकती है, क्योंकि समय रहते हाथियों की लोकेशन का पता लगाकर एहतियाती कदम उठाए जा सकेंगे।

# कटहल की सब्जी में पका मिला सर्प

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही बरकरार, प्रशासन बेखबर

**मझौली, देशबन्धु।** सीधी जिले के मझौली उपखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बनिया टोला की बताई जा रही है जहां आज एक पारिवारिक समारोह के दौरान क्षेत्र में उसे समय हड़कंप मच गया जब कटहल की सब्जी में पका-चुरा सर्प देखा गया। बताया जा रहा है कि जब तक सब्जी में सर्प देखा गया तब तक एक सैकड़ा से ज्यादा लोग सब्जी का सेवन कर चुके थे।

जिनको जैसे खबर लग रही है कोई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मडवास, कोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली पहुंच रहे हैं लेकिन ऐसे मामले में भी स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही बरकरार बनी हुई है 5 से 6 घंटे बीत चुका है लेकिन यहां सिस्टरो के अलावा अभी तक डॉक्टरों के दर्शन नहीं हुए हैं। जो कुछ सिस्टरो से हो सका है उपचार किया गया है।

खबर लिखे जाने तक सिस्टरो के अलावा कोई भी डॉक्टर हॉस्पिटल नहीं पहुंचे हैं। पीड़ित लोगों की माने तो उनका गला सुखा -सुखा लग रहा है खबर है कि कुछ लोगों को उल्टी भी होने लगी। जनप्रतिनिधियों के सूचना पर पुलिस गांव तो पहुंच चुकी है लेकिन स्वास्थ्य विभाग उतना सक्रिय नहीं दिख रहा है जिस हिसाब से सक्रियता दिखाने चाहिए। मीडिया द्वारा यदि व्यवस्था सुधार को लेकर अव्यवस्थाओं से स्वास्थ्य विभाग के जिले के अधिकारियों को अवगत कराया जाता है तो उन्हें नागबार गुजरता है इसलिए खबर प्रकाशन कर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है।

**कई गांव के लोग हैं प्रभावित**

इस सब्जी का सेवन न केवल बनिया टोला के लोग किए हैं बल्कि मझौली उपखंड के कई गांव क्षेत्र के लोग घरेलू कार्यक्रम के समारोह में पहुंचे हुए थे जो सब्जी का सेवन किए हैं जिससे मझौली उपखंड क्षेत्र के अन्य कई ग्राम पंचायत में हड़कंप मचा हुआ है। जैसे-जैसे लोगों को खबर लग रही है लगातार हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं। समाजसेवी रमाशंकर गुप्ता पनिहा द्वारा बताया गया कि बनिया टोला में मैं एवं पुलिस पहुंच चुकी है लोगों की जानकारी लेकर उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के लिए बोला जा रहा है। देखते हैं क्या कुछ व्यवस्थाएं की जाएगी।

## छह में से सिर्फ दो गाड़ियां चल रही हैं ब्यौहारी में

**व्यौहारी, देशबन्धु** व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र में तीन 108 एवं तीन जननी एक्सप्रेस को लेकर 6 गाड़ियां होती है जिसमें से चल रही है मात्र दो प्रधानमंत्री एवं विधायक से भोली भाली जनता चालू करवाने की कर रही है मांग व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र मे जय अंबे इमरजेंसी कंपनी द्वारा तीन 108 एवं तीन जननी एक्सप्रेस दी गई थी जिसमें से दो गाड़ियां ही चल रही है यह क्षेत्र ऐसा क्षेत्र है जो आदिवासी बहुमूल्य हैं और तो और यहां के विधायक भी आदिवासी है मुख्यमंत्री एवं विधायक से भोली भाली जनता एवं आदिवासी लोग मांग कर रहे हैं।

क्षेत्र में आदिवासी बहु मूल्य क्षेत्र है इस क्षेत्र में अधिकतम आदिवासी श्रीनिवास कर रहे हैं सब जानते हैं कि आदिवासियों की पास कितना ज्यादा व्यवस्था नहीं रहती है कि वह लोग दूसरों के ऊपर आशियां रहते हैं पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री तक यह बात रखना चाहता हूं कि कम से कम भोली भाली जनता का मान सम्मान रखते हुए जय अंबे मां जैसी कंपनी को तत्काल निर्देश करें।

इस क्षेत्र में रुकी हुई गाड़ियां 108 बराबर चलाई जाए ताकि भोली भाली जनता को बराबर शासन की योजना का लाभ मिल सके। इस बारे में विधायक का कहना है कि यह कंपनी प्राइवेट है। मैं प्राइवेट लोगों से बात नहीं करता हूं मैं सरकारी लोगों से बात करता हूं मैं सीएमएचओ शहडोल से बात करके किस क्षेत्र में गाड़ी बराबर चलवाऊंगा।

**नाम सुधार सूचना**

मैं कि: मोहम्मद जाकिर सिद्धिकी पिता स्व. मोहम्मद आशिक सिद्दिकी उम्र 51 वर्ष निवासी- विन्ध्यनगर रोड बैढन पोस्ट बैढन जिला सिंगरौली ( म.प्र. ) का हूँ।

1- यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ ऐलाफ सिद्दीकी ( Ailaf Siddique ) मेरा पुत्र है जिसका मैं पिता संरक्षक हूँ जो सही एवं सत्य है।

2- यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे उक्त पुत्र के विद्यालय रिकार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम ऐलाफ सिद्दीकी ( Ailaf Siddique ) अंकित है परन्तु मेरे उक्त पुत्र के आधार कार्ड ( 7774 6869 4628 ) मे उसका नाम आलाफ शेख ( Alaf Sheikh ) अंकित है जो गलत है जबकि उसका सही व वास्तविक नाम ऐलाफ सिद्दीकी ( Ailaf Siddique ) है।

3- यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि अपने पुत्र का गलत नाम आलाफ शेख ( Alaf Sheikh ) के जगह सही नाम ऐलाफ सिद्धीकी ( Ailaf Siddique ) को सुधार करने यह शपथ पत्र निष्पादित करा कर प्रस्तुत कर रहा हूँ जिसकी समस्त जिम्मेदारी मुझ शपथकर्ता की है।